न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मांगरोल जिला बारां

राष्ट्रीय लोक अदालत–2022

करण सख्या : 25/2021

रामकल्याण पुत्र बद्रीलाल जाति मीना निवासी छत्रपुरा तहसील मांगरोल

......वादी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

......प्रतिवादी

वाद अन्तर्गत धारा 88, 89 आर0टी0एक्ट0

पीठासीन अधिकारी : श्री रजत कुमार विजयवर्गीय (आरएएस)
वकील वादी : श्री दयाकृष्ण धाकड
दायरा दिनांक: 05.02.2021

निर्णय दिनांक : 12.11.2022

प्रस्तुत वाद का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि वादी के शामालाती खाते की आराजी खाता संख्या 43 खसरा नं0 1466 रकबा 0.99 है0, खसरा नं0 1547 रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 1564 रकबा 0.09 है0, खसरा नं0 1625 रकबा 0.90 है0, खसरा नं0 654 रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 785 रकबा 0.19 है0 कुल किता 6 कुल रकबा 2.27 है0 वाके ग्राम छत्रपुरा तहसील मांगरोल में स्थित है। जिसमें वादी का नाम कल्याण पुत्र बद्रीलाल दर्ज हो रहा है। जबकि वादी का वास्तविक नाम रामकल्याण पुत्र बद्रीलाल है। जिसको वादी कल्याण पुत्र बद्रीलाल के स्थान पर रामकल्याण पुत्र बद्रीलाल दुरूस्त करवाने का कानूनी अधिकारी है। वादी का नाम अन्य दस्तावेजों राशन कार्ड, आधार कार्ड, पहचान पत्र आदि में रामकल्याण पुत्र बद्रीलाल दर्ज हो रहा है। इसलिए अपना नाम राजस्व रेकार्ड में कल्याण पुत्र बद्रीलाल के स्थान पर रामकल्याण पुत्र बद्रीलाल दर्ज करवाने की घोषणा करवाने का अधिकारी है। अतः उक्त विवादित आराजी के राजस्व रेकार्ड में वादी का नाम कल्याण पुत्र बद्रीलाल के स्थान पर रामकल्याण पुत्र बद्रीलाल दुरूस्त किया जाकर प्रतिवादी को राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद करने के आदेश दिये जावें।

उक्त आशय का वाद प्रस्तुत होने पर प्रकरण दिनांक 05.02.2021 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार मांगरोल को जांच रिपोर्ट हेतु लिखा गया। तहसीलदार मांगरोल से प्राप्त रिपोर्ट पत्रांक/राजस्व/2020/91 दिनांक 22.02.2021 के अनुसार कल्याण पुत्र बद्रीलाल एवं रामकल्याण पुत्र बद्रीलाल दोनो नाम एक ही व्यक्ति के नाम है अन्य अलग–अलग नही है। अतः राजस्व रेकार्ड में वादी का सही नाम रामकल्याण मीणा सा0 देह दर्ज किया जाना उचित है।

अतः पत्रावली के अवलोकन, तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) की रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजो तथा बयान गवाह वादी स्वयं एवं ज्यानकीलाल पुत्र बद्रीलाल जाति मीणा निवासी छत्रपुरा के आधार पर आराजी खाता संख्या 43 खसरा नं0 1466 रकबा 0.99 है0, खसरा नं0 1547 रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 1564 रकबा 0.09 है0, खसरा नं0 1625 रकबा 0.90 है0, खसरा नं0 654 रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 785 रकबा 0.19 है0 कुल किता 6 कुल रकबा 2.27 है0 वाके ग्राम छत्रपुरा तहसील मांगरोल की राजस्व जमाबंदी में दर्ज वादी का नाम कल्याण पुत्र बद्रीलाल के स्थान पर कल्याण उर्फ रामकल्याण पुत्र बद्रीलाल दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है, एवं इसके साथ–साथ यदि वादी के पुराने नाम को लेकर किसी प्रकार के कोई आपराधिक या अन्य विवाद न्यायालय में जैरकार हो उसके लिए वादी स्वयं जिम्मेवार होंगा। पत्रावली फैशल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 12.11.2022 को खुले न्यायालय में मजमेआम सुनाया गया।

(रजत कुमार विजयवर्गीय)
उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल

Scanned by CamScanner